हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 23 सितम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

सबसे पहले पेश हैं मुख्य समाचार:-

1. मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए लोगों के लिए किफायती आवास और आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचा सुनिश्चित्त किया।

2. केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने फरीदाबाद में नगर निगम अधिकारियों, विधायकों व् पार्षदों की बैठक ली। स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाने पर बल दिया।

3. हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि नई जी एस टी व्यवस्था से किसान, माध्यम व् गरीब वर्ग को राहत मिलेगी।

4. हरियाणा में आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर जींद, पंचकूला सहित कई जगह स्वास्थय शिविरों का आयोजन किया गया।

**********************************************************************

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने किफायती आवास और आधुनिक शहरी बुनियादी ढाँचा सुनिश्चित किया है और लाखों लोगों के जीवन को आसान बनाया है।

1-कैप्सूल-अश्विनी कुमार शर्मा-आवास

पिछले ग्यारह वर्षों में अटल संकल्प के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पूरे देश में परिवर्तन के बीज बोए हैं। नागरिक-केंद्रित सुधारों के माध्यम से, जीवन को सरल और सुगम बनाया गया है और लोगों के दिलों के करीब पहुँचाया गया है, खासकर उन लोगों के जो अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिए जाते हैं। किफायती आवास इन प्रयासों के केंद्र में है।

इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, दो व्यापक मिशन शुरू किए हैं ताकि गुणवत्तापूर्ण

आवास तक पहुँच यकीनी हो सके। शहर भी स्मार्ट सिटी मिशन की रोशनी में नहा रहे हैं। इस योजना के तहत 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 7,500 से अधिक परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं। लाखों स्वच्छ जल और सीवरेज कनेक्शन, हज़ारों पुनर्जीवित हरित क्षेत्र और जल निकाय, और ऊर्जा-कुशल एलईडी बल्बों से सड़कों को रोशन किया गया है। इसके अलावा, उजाला योजना के तहत देश भर के घर एलईडी बल्बों से रोशन हो रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदूषण मुक्त रसोई को वास्तविकता में बदला गया है। जल-जीवन मिशन के माध्यम से अब गाँवों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

जल जीवन मिशन की एक लाभार्थी ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया –

पगडंडियों और गाँवों में कंक्रीट, पाइप और प्रकाश के माध्यम से, भारत लगातार एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहा है जहाँ एक सम्मानजनक जीवन का न केवल वादा किया जाता है, बल्कि उसे जिया भी जाता है। अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रहे हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने फरीदाबाद में नगर निगम अधिकारियों, विधायकों और पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के "स्वच्छ शहर" के सपने को साकार करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे केरल में गंदगी फैलाने वालो की पहचान ऐप के ज़रिए हो जाती है इसी तरह फरीदाबाद नगर निगम को भी स्वच्छता के प्रति कोई इंतजाम करना चाहिए।

*****************************************************************

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज फरीदाबाद में नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर चर्चा की।

एक पत्रकार वार्ता में  उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों का उद्देश्य व्यापारियों, उद्योगों और उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी और सरल प्रणाली उपलब्ध कराना है।

2- कृष्णपाल गुर्जर

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि टैक्स व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए ताकि अधिकतम लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचे।

*********************************************************************

हरियाणा सरकार में कैबीनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा है कि देशभर में नई जीएसटी व्यवस्था लागू कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को एक बड़ी सौगात दी है। इससे देश के किसान, मध्यम और गरीब वर्ग के साथ-साथ आमजन, युवा और महिलाओं को लाभ मिलेगा।

पंचायत मंत्री आज जींद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे ।उन्होंने कहा इससे देश की आर्थिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

3- कृष्ण लाल पंवार

कैबिनेट मंत्री ने कहा केंद्र में विपक्ष के नेता आए दिन बेतुके बयान देते रहते है जैसे की वोट चोरी अगर वोट चोरी होते तो राहुल गांधी की पार्टी 52 सीटों से 99 पर कैसे पंहुच गई ।

*********************************************************************

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आज हरियाणा में कई जगह आयुष शिविरों का आयोजन किया गया।

पलवल के गांव सराय में आयुष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष अधिकारी डॉ पुरेन्द्र कुमार ने बताया –

4- डॉ पुरेन्द्र कुमार

जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजीव तोमर ने बताया कि शिविर में 428 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

5-संजीव तोमर

*********************************************************************

पंचकूला के आशियाना परिसर में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पोषण माह के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पार्षद हरेंद्र मलिक ने किया। मुख्य अतिथि हरेंद्र मलिक ने

आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता पर प्रकाश डाला और  बताया कि घर की रसोई ही सबसे पहली औषधशाला है। रसोई में कई छोटी छोटी बीमारियों का इलाज है।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ दिलीप मिश्रा ने बताया लोगों को आयुर्वेद के बारे जागरूक किया गया और रोगियों को निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। रोगियों  की निःशुल्क मधुमेह व हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। इसके अतिरिक्त 254 रोगियों का प्रकृति परीक्षण भी किया गया

जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ सांत्वना ने मीडिया को बताया-

6- डॉ सांत्वना

आयुष अधिकारी डॉ आशु ने बताया –

7-डॉ आशु

*****************************************************************